Chapter- 9

# देश-प्रेम

## STUDY NOTES

### चिंतन-मनन:

देश प्रेम का अर्थ है- 'देश के प्रति अपने प्रेम, लगाव, वफादारी तथा सम्मान की भावना रखना।'

हर एक व्यक्ति के मन में देश के प्रति सम्मान होनी चाहिए। वही व्यक्ति महान होता है जो देश को उन्नति के पथ ले जाए।

### विषय सारांश:

जापान को उगते सूरज का देश कहते हैं । कई प्राकृतिक विपदाओं के बावजूद भी इस देश ने खूब तरक्की की है इसका मुख्य कारण है यहाँ के लोग काफी मेहनती हैं। बच्चों में धार्मिक आचरण सिखाते हैं तथा देश प्रेम की भावना को बढाते हैं ।

सन् १९४७ के पहले जब भारत स्वतंत्र नहीं हुआ था तब यहाँ अंग्रेजों का शासन चलता था । यह उस समय की घटना है जब नेताजी सुभाष चंद्र बोस जापान गए थे। वहाँ उन्होंने प्राथमिक पाठशाला के बच्चों का देश प्रेम परखना चाहते थे, एक आठ साल के बच्चे को पूछा क्या तुम गौतम बुद्ध को जानते हो? लड़के के उत्तर को सुनकर फिर पूछा, ''अगर कल बुद्ध यहाँ आएँ, तो तुम क्या करोगे? लड़का ने कहा हम उनका स्वागत करेंगे''। फिर से पूछा ''मान लो, वे अकेले नहीं, बड़ी सेना लेकर आते हैं और जापान पर चढ़ाई करने आते हैं, तब तुम क्या करोगे? सुनते ही लड़के की आँखें लाल हो गईं। उसने अपना हाथ ऊपर उठाकर ज़ोर से कहा – ''हाथ में बंदूक लेकर जाएँगे। उनका विरोध करेंगे और दुश्मन को भगाकर देश की रक्षा करेंगे''।

लड़के की उत्तर सुनकर तथा उसके मन में देश के प्रति श्रद्धा को देख नेताजी गद्‌गद्‌ हो उठे। उन्होंने मन ही मन सोचा अगर भारत के बच्चों और लोगों में भी ऐसा देश-प्रेम होता तो अंग्रेज हमारे देश पर कभी भी शासन नहीं कर पाते।

**सीख-** जो अपने देश से प्रेम नहीं करता है, वह किसी से प्रेम नहीं कर सकता है ।

**शब्दार्थ :**

उगते - निकलना, प्रकट होना
नैसर्गिक - प्राकृतिक स्वभाविक
विपदाओं - संकट, आफत
तरक्की - उन्नति
धार्मिक - धर्म संबंधी
आचरण - व्यवहार, चाल चलन
परखना - परीक्षण या फिर परीक्षा करना
दुश्मन - शत्रु
आंखें लाल होना - गुस्सा होना

ODM EDUCATIONAL GROUP Changing your Tomorrow

**मौखिक :**

१. श्रुतलेख एवं उच्चारण-

धार्मिक, आचरण, प्राथमिक, स्वागत, दुश्मन, गद्‌गद्‌, शासन, स्वतंत्र

२. कम-से-कम शब्दों में उत्तर दीजिए।

क) 'उगते सूरज का देश' किसे कहा जाता है ?

उ: उगते सूरज का देश जापान को कहा जाता है।

ख) जापान में किस धर्म का प्रचार है?

उ: जापान में बौद्ध धर्म का प्रचार है।

ग) नेताजी सुभाष चंद्र बोस क्या परखना चाहते थे?

उ: नेताजी सुभाष चंद्र बोस जापानी बच्चों का देश-प्रेम परखना चाहते थे।

घ) लड़के का उत्तर सुनकर नेताजी पर क्या प्रभाव पड़ा?

उ: लड़के का उत्तर सुनकर नेताजी गद्गद् हो गए। उन्होंने मन ही मन सोचा, अगर भारत देश के बच्चों और लोगों में भी ऐसा देश-प्रेम होता तो अंग्रेज भारतीयों पर शासन नहीं कर पाते।

**लिखित-**

१. सही विकल्प चुनकर सही (✓) का निशान लगाइए।

क) जापान में किस धर्म का प्रचार है?

i) बौद्ध धर्म का ✓ ii) ईसाई धर्म का ☐

iii) हिंदू धर्म का ☐ iv) जैन धर्म का ☐

ख) जापानी लोग बच्चों को कौन-सा आचरण सिखाते हैं?

i) धार्मिक ✓ ii) दैविक ☐

iii) सामाजिक ☐ iv) सांस्कृतिक ☐

ग) बच्चे हर रोज किसे प्रणाम करते थे?

i) श्रीकृष्ण को ☐ ii) बुद्ध को ✓

iii) श्रीराम को ☐ iv) सीता को ☐

घ) भारत पर किसने राज किया?

i) मुगलों ने ☐ ii) अंग्रेजों ने ✓

iii) ग्रीक लोगों ने ☐ iv) डच लोगों ने ☐

२. पाठ पढ़कर, रेखांकित शब्दों के स्थान पर पाठ में आए सही शब्द लिखकर वाक्य पुनः लिखिए।

क) सुभाष चंद्र बोस **माध्यमिक शाला** में पहुँचे।

उ: सुभाष चंद्र बोस **प्राथमिक पाठशाला** में पहुँचे।

ख) जापानी लोगों ने **तरक्की नहीं** की।

उ: जापानी लोगों ने **खूब तरक्की** की।

ग) उत्तर सुनकर लड़के की आँखें **लाल-पीली** हुई।

उ: उत्तर सुनकर लड़के की आँखे **लाल** हो गई।

घ) 'हम हाथ में **तलवार** लेकर जाएँगे।'

उ: हम हाथ में **बंदूक** लेकर जाएँगे।

३. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए।

क) जापान को क्या कहते हैं?

उ: जापान को उगते सूरज का देश कहते हैं।

ख) जापान के लोग कैसे हैं?

उ: जापान के लोग मेहनती हैं।

ग) नेताजी कहाँ गए थे?

उ: नेताजी सुभाष चंद्र बोस जापान गए थे।

घ) लड़के की उम्र कितनी थी?

उ: लड़के की उम्र आठ साल की थी।

४. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर विस्तार पूर्वक लिखिए।

क) नेताजी ने जापानी बालक के देश-प्रेम की परीक्षा कैसे ली?

उ: ♦ नेताजी ने जापानी बालक के देश-प्रेम को परखने के लिए एक आठ साल के लड़के से कुछ सवाल पूछे।

ODM EDUCATIONAL GROUP
Changing your Tomorrow

- उस लड़के के दिए गए उत्तर सुनकर वे गद्‌गद्‌ हो उठे।
- मन ही मन सोचने लगे अगर हमारे देश के बच्चों और लोगों मे भी ऐसा देश-प्रेम होता तो अंग्रेज कभी भी भारत पर शासन नहीं कर पाते।

ख) 'मेरा भारत महान है'। चार या पाँच वाक्य में लिखें।

- भारत एक बहुत ही विशाल और सुंदर देश है।
- भारत के उत्तर में हिमालय है जो सबसे ऊँची है।
- यहाँ गंगा, यमुना, कावेरी, गोदावरी जैसे कई नदियाँ बहती है।
- यहाँ कई जाति धर्म और कई भाषाएँ भी पाई जाति हैं।
- जाति, धर्म, भाषा, खान-पान सभी अलग होने के बावजूद भी सभी मिलकर रहते हैं। यही भारत की विशेषता है।

**भाषा ज्ञान-**

१. निम्नलिखित वाक्यों में आए नामों को रेखांकित कीजिए।

क) **जापान** एक अच्छा देश है।

ख) **सुभाषचंद्र** भारतीय सेनानी थे।

ग) **गौतम बुद्ध** महान व्यक्ति थे।

घ) **भारत** महान देश है।

ODM EDUCATIONAL GROUP Changing your Tomorrow

२. पाठ में प्रयुक्त रेफ-पदेन ('र' के रूप) वाले शब्द चुनकर लिखिए।

नैसर्गिक    धर्म    प्राथमिक    प्रणाम

अब उपर्युक्त लिखे शब्दों से पाठ के अलावा नए वाक्य बनाइए।

क) उड़ीसा के लोग कई नैसर्गिक विपदाओं को सामना कर चुके हैं।

ख) भारत में कई धर्म के लोग रहते हैं।

ग) प्राथमिक विद्यालयों में हर तरह की सुविधा है।

घ) हमें अपने धार्मिक आचरण का पालन करना चाहिए।

**अतिरिक्त प्रश्न-**

१. वचन बदलो।

क) बच्चा - बच्चे

ख) अंग्रेज - अंग्रेजों

ग) बंदूक - बंदूकें

घ) आँख - आँखें

ङ) लड़का - लड़के

२. पर्यायवाची शब्द।

क) तरक्की - उन्नति, प्रगति

ख) स्वतंत्र - स्वाधीन, आज़ाद

ग) पाठशाला- विद्यालय, गुरूकुल

घ) स्वागत - सत्कार, अभिनंदन, आवभगत

ङ) गद्गद - हर्ष, बहुत अधिक खुश

च) विरोध - आपत्ति, ऐतराज

ODM EDUCATIONAL GROUP Changing your Tomorrow

♦♦♦